तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 गांव-गांव से उठ रही शिक्षक की मांग



12 ग्राम सभाओं में विकास, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं पर ...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
15 जुलाई 2026
कूपन नं.
3

# स्कूल को अपडेट करने, बेहतर शिक्षा के लिए जुटे तीन संकुल के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए भोयना, अछोटा, अरौद लीलर के संकुल की संयुक्त बैठक हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए शाला विकास योजना (एसडीपी) तैयार करना था। इसके अंतर्गत बच्चों की बुनियादी दक्षता में सुधार लाने, संकुल की वर्तमान स्थिति का आकलन करने और उपलब्ध संसाधनों के कुशल उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सभी शिक्षकों और प्रधानपाठकों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया कि बच्चों के साथ पढ़ने, लिखने और गणित की बुनियादी संक्रियाओं (जोड़, घटाव, गुणा, भाग) पर विशेष रूप से काम करने की आवश्यकता है। बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) के लक्ष्यों को प्राप्त करना प्राथमिकता होगी।

चर्चा के दौरान यह रेखांकित किया गया कि संकुल अंतर्गत कई संसाधन पहले से उपलब्ध हैं, जिनका शिक्षण में प्रभावी उपयोग किया जाएगा।

मुस्कान पुस्तकालय, रचनात्मक लेखन गतिविधियां, गणित के लिए एफएलएन किट, राज्य सरकार से प्राप्त विभिन्न शैक्षणिक पोस्टर्स का बेहतर ढंग से उपयोग किया जाएगा।

## स्कूल में उपलब्ध संसाधनों के कुशल उपयोग पर की गई विस्तृत चर्चा



### पुस्तक के बिना पढ़ाई

वर्तमान में बच्चों के पास पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं है। इस पर विचार-विमर्श किया गया कि कैसे बिना पुस्तकों के काम शुरू किया जा सकता है। सभी शिक्षकों ने सहमति जताई कि पठन-पाठन शुरू करने के लिए केवल पाठ्यपुस्तकों पर निर्भर रहना अनिवार्य नहीं है। पुस्तकों के आने तक बच्चों के साथ मात्रात्मक त्रुटियों को सुधारने, वाक्य निर्माण, स्वतंत्र लेखन और गणित की बुनियादी संक्रियाओं पर आसानी से काम किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के लिए आवेदन 24 जुलाई तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत धमतरी जिले से 5 अगस्त से 11 अगस्त तक द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर मंदिर यात्रा भेजा जाना है। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि धमतरी जिले के 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजन, ग्रामीण क्षेत्र के तहत आने वाले जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के नगरनिगम, नगरपालिक और नगर पंचायत से निर्धारित आवेदन प्राप्त कर आवेदन में चाहे गए आवश्यक दस्तावेज जैसे वर्तमान चिकित्सकीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि पूरी कर 24 जुलाई तक आवेदन संबंधित जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मृतिका के परिजन को मिले चार लाख रुपए

**धमतरी।** ग्राम मुरा तहसील खरोरा जिला रायपुर निवासी दुर्गेश्वरी सिन्हा की 4 सितंबर 2023 को नहर के पानी में डूबने से दम घुटने के कारण मृत्यु हो गई थी। मामले की जांच तहसीलदार खरोरा द्वारा की गई तथा जांच प्रतिवेदन एवं संलग्न दस्तावेजों के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तिल्दा-नेवरा ने मृतिका के निकटतम रिश्तेदार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मृतिका के पिता एवं आवेदक केशव सिन्हा निवासी ग्राम सिलघट तहसील भखारा जिला धमतरी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### स्मार्ट मीटर की सुविधा शुरू करने की तैयारी, जल्द ही पूरे प्रदेश में लागू होगी

# अगस्त से सरकारी कनेक्शन होंगे प्रीपेड

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अगले माह से सभी सरकारी बिजली कनेक्शन प्रीपेड हो जाएंगे। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। कलेक्टोरेट से लेकर ग्राम पंचायत सभी सरकारी कनेक्शन को बिजली के लिए पहले भुगतान करना होगा। इसके बाद घरेलू, व्यावसायिक, औद्योगिक सहित अन्य कनेक्शन को भी प्रीपेड किया जाएगा पर इन कनेक्शनों में पूरे प्रदेश में एक साथ स्मार्ट मीटर की सुविधा शुरू की जाएगी।

विद्युत विभाग अब पूरी तरह से अपडेट होने को तैयार हो रहा है। धमतरी जिला सहित पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर की सुविधा चालू करने की तैयारी है। पहले चरण में जिले के सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शन प्रीपेड होंगे, जिसमें कलेक्टोरेट से लेकर ग्राम पंचायत तक सभी कनेक्शन शामिल है। जानकारी के अनुसार धमतरी डिवीजन में 3890 सरकारी कनेक्शन हैं। अगले माह से इन कनेक्शनों पर बिजली सप्लाई के लिए पहले भुगतान करना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की सहमति मिल गई है।

जानकारी के अनुसार विभागों को तीन माह का रिचार्ज करना होगा। रिचार्ज खत्म होने पर फिर से रिचार्ज करना होगा। इस योजना से फिलहाल आम जनता को राहत है, लेकिन आने वाले समय में आम जनता के बिजली कनेक्शन भी प्रीपेड हो जाएंगे।



### सरकारी विभागों में लाखों का बकाया

सबसे ज्यादा सरकारी विभागों का बिजली बिल बकाया रहता है। ग्राम पंचायत, नगर निगम में पेयजल के लिए बिजली कनेक्शन, स्कूल सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में लाखों रूपए का बिजली बिल अभी भी पेंडिंग हैं। प्रीपेड बिजली की सुविधा शुरू होने से इन विभागों को हर हाल में बिल पटाना होगा। जितने रूपए का रिचार्ज रहेगा, उतनी ही बिजली मिलेगी। अति आवश्यक सुविधा वाले बिजली कनेक्शनों में थोड़ी दिक्कत हो सकती है।

### धमतरी डिवीजन में लगे 1 लाख 12 हजार स्मार्ट मीटर

घरेलू कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। जानकारी के अनुसार धमतरी डिवीजन में कुल 136000 कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। इसमें से 94 प्रतिशत यानी 1 लाख 12 हजार कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गया है। बाकी बचे कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। पूरे प्रदेश में सभी कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगने के बाद सभी कनेक्शन में प्रीपेड की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि 2027 तक घरेलू, औद्योगिक, व्यावसायिक सहित अन्य कनेक्शनों में प्रीपेड की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

## धमतरी को आधुनिक एवं सुविधा संपन्न शहर बनाने पर जोर



- महापौर, कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं शहरी अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का महापौर रामू रोहरा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। अधिकारियों ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति तथा समय-सीमा की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों एवं कार्यदायी एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, नहर नाका चौक, जालमपुर स्थित बॉक्स क्रिकेट परिसर, सिहावा चौक के समीप निर्माणाधीन अत्याधुनिक ऑडिटोरियम, खपरी-अर्जुनी स्थित निर्माणाधीन बस स्टैंड तथा कांटा तालाब में विकसित की जा रही चौपाटी का अवलोकन किया।

## काढ़ा वितरण के अंतिम दिवस उमड़ी भीड़





**धमतरी।** जगन्नाथ मंदिर में मंगलवार को काढ़ा वितरण के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान जय जगन्नाथ के जयकारे गूंजते रहे।

### बिना अनुमति के जिले में प्रवेश कर शहर में घूम रहा था

# जिलाबदर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आदेश का उल्लंघन कर बिना अनुमति के जिले में प्रवेश कर शहर में घूम रहे जिलाबदर बदमाश को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं जिलाबदर के आदेशों का कड़ाई से पालन कराने एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस सोमवार को अपराधियों की पतासाजी में निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से जिलाबदर बदमाश सागर ढीमर उर्फ विक्की को आमातालाब क्षेत्र में घूमने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी को जिला दंडाधिकारी से आदेश में छूट अथवा जिले में प्रवेश की वैध अनुमति संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया किंतु वह कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी ने स्वीकार किया कि



उसके पास जिले में प्रवेश की अनुमति नहीं है। जिलाबदर आदेश का उल्लंघन किए जाने पर धारा 223 बीएनएस एवं छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 15 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए आरोपी सागर ढीमर उर्फ विक्की उम्र 22 वर्ष पिता गंगाधर ढीमर नयापारा वार्ड धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### आरोपी के खिलाफ गंभीर अपराध दर्ज

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी सागर ढीमर आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में हत्या, लूट, मारपीट, धमकी एवं आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत कई आपराधिक प्रकरण पूर्व से पंजीबद्ध हैं। इन्हीं आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए जिला दंडाधिकारी ने उसके विरूद्ध जिलाबदर की कार्रवाई की थी।

# बाजार कुर्रीडीह हत्याकांड : मृतक का शांतिघाट में हुआ अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- अंतिम संस्कार के बाद परिजन लौटे मध्यप्रदेश

बाजार कुर्रीडीह में प्रेमी की हत्या की घटना के तीन दिन बाद मृतक के परिजन धमतरी पहुंचे। शव का शांतिघाट में अंतिम संस्कार हुआ। इसके बाद परिजन वापस लौट गए।

उल्लेखनीय है कि बीते 7 जुलाई को मध्यप्रदेश के मंदसौर जिला दलौदा तहसील क्षेत्र के नगरी निवासी शंकर सूर्यवंशी प्रेमिका के घर ग्राम बाजारकुर्रीडीह थाना केरेगांव आया था, जहां रात्रि में युवक सो रहा था। इसी दौरान 8 जुलाई की सुबह 3 बजे महिला के पति योगेंद्र सोरी ने कुल्हाड़ी मारकर युवक की हत्या कर दी थी। घटना के बाद पुलिस ने 8 जुलाई को मृतक के परिजनों को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव को फ्रीजर में सुरक्षित रख पुलिस उसके परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी। पुलिस लगातार फोन पर संपर्क कर रही थी। लेकिन परिजन शव ले जाने के लिए धमतरी आने में असमर्थता जता रहे थे। इसी प्रयास में दो से तीन दिन बीत गया। शव जिला अस्पताल के मर्च्यूरी के फ्रीजर में रखा रहा। काफी प्रयास के बाद मृतक का बड़ा भाई जौहर श्रीपाल धमतरी आने के लिए तैयार हुआ। वह कुछ परिजनों को लेकर शनिवार को धमतरी के जिला अस्पताल पहुंचा। परिजनों ने शव का धमतरी में ही अंतिम संस्कार करना बताया। मुक्तांजलि वाहन से युवक के शव को शांतिघाट पहुंचाया गया। परिजनों ने पुलिस की मौजूदगी में शंकर सूर्यवंशी के शव का विधिविधान से अंतिम संस्कार किया। इसके वापस मध्यप्रदेश लौट गए।

# रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त

- अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई
- अब तक 239 प्रकरणों में 69 .32 लाख रुपये का अर्थदण्ड वसूला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 एवं 13 जुलाई को ग्राम सारंगपुरी, खरेंगा, अमेठी, सरगी-दोनर, पाहंदा तथा आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए गए 4 वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों के तहत अर्थदण्ड की कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 13 जुलाई 2026 तक अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण से संबंधित कुल 239 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 69 लाख 32 हजार 683 रुपये का अर्थदण्ड वसूल कर शासकीय खनिज मद में जमा कराया गया है तथा संबंधित प्रकरणों का प्रशमन किया गया है।



विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभागीय उड़नदस्ता दल द्वारा नियमित निगरानी एवं सतत कार्रवाई की जा रही है।

### चप्पल मशीन के नाम पर बंजारी की चेतना महिला स्व-सहायता समूह से 1 लाख की ठगी

# मशीन नहीं मिली, कर्ज और ब्याज के बोझ तले दबी समूह की महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सात साल पहले आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करने वाली एक महिला समूह फर्जीवाड़ा का शिकार बन गई। बैंक से एक लाख के लोन से चप्पल बनाने की मशीन तो नहीं मिली लेकिन वॉशिंग पाउडर बनाने जो मशीन मिली, वह भी आधी अधूरी। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करने पहुंची ग्राम बंजारी की चेतना महिला स्व-सहायता समूह ने कलेक्टर से फर्जीवाड़ा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा रकम वापस दिलाने की मांग की है।



अर्जुनी थानांतर्गत ग्राम बंजारी की चेतना महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ममता साहू, सचिव जानकी बाई ने बताया कि महिलाओं को समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने कई योजनाएं सरकार चला रही है। उनकी समूह चप्पल बनाने का कार्य करना चाहती थी। चप्पल बनाने की मशीन और मटेरियल देने के एवज में जल विहार कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने एक लाख रूपये मांगा, जिसमें 10 प्रतिशत छूट के साथ 90 हजार रूपये नगद दिए गए। इसकी पावती समूह को दी गई है।

### चप्पल मशीन के बदले वॉशिंग पाउडर का आधा सिस्टम

ममता साहू बताती हैं कि पैसा लेने के बाद जब चप्पल मशीन नहीं मिली तो उस पर दबाव बनाया गया तो वह चप्पल मशीन के बदले वॉशिंग पाउडर बनाने की मशीन और मटेरियल देने का वादा किया। वह भी सिर्फ मिक्सिंग करने की मशीन दी गई लेकिन पैकिंग, वजन करने की मशीन और मटेरियल नहीं दिया गया, जिससे समूह की महिला बेरोजगार हो गई और बैंक वालों ने अब तक समूह से 58 हजार रूपए का ब्याज वसूल लिया है।

### थाना, कलेक्टोरेट में कोई सुनवाई नहीं

समूह ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन कर कहा है कि समूह की महिलाएं उनके घर में पैसा मांगने जाती हैं तो उसकी पत्नी गाली-गलौज और झूठे केस में फंसाने की धमकी देती है। रूद्री पुलिस और 112 नंबर में फोन करने पर पुलिस के माध्यम से समझाकर घर लौटा दिया जाता है। उक्त व्यक्ति ने सात साल घुमाकर 40 हजार रूपये दिया है जबकि ब्याज की ही रकम 58181 रूपये समूह के खाते से काट ली गई है। समूह ने आगे कहा है कि कई बार जनदर्शन और संबंधित थाने में शिकायत कर चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। समूह ने धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने एवं मूलधन और ब्याज की रकम दिलाने की मांग की है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### प्राशा सेमरापारा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड के प्राशा सेमरापारा नारायणपुर में मंगलवार 14 जुलाई को शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल ड्रेस एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठिका चम्पा जोशी, सहायक शिक्षक नितिन तिवारी एवं भोजराम भुआर्य ने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों तथा पालकों की उपस्थिति में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

### ग्रामीण की हुई मौत मर्ग किय गया कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चिचगांव निवासी 42 वर्षीय प्रमेश्वर उइके पिता बज्जूराम उईके को इलाज के लिए भानुप्रतापपुर के सीएचसी में ले जाया गया था। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए 13 जुलाई को अस्पताल में लया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**कांकेर।** परतापुर थाना क्षेत्र के भिंगीडार मेन रोड पर 13 अप्रैल को हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 35 वर्षीय चपला मिस्त्री निवासी पीव्ही-44 वनश्रीनगर, पखांजूर की रायपुर स्थित डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इलाज के दौरान 17 अप्रैल को मृत्यु हो गई। जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडब्ल्यू 1355 को चालक जयदेव गाईन तेज व लापरवाहीपूर्वक चला रहा था।

## निधन

### लीलाराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम नारधा निवासी लीलाराम साहू का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम पैरी नदी तट में किया गया। वे राजाराम साहू सेनि वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, गैंदराम पंचायत सचिव, सदाराम साहू, लालचंद साहू के भैया और नागेन्द्र साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

**न्यायालय श्रीमान रजत कुमार निराला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

व्या. वाद क. 71अ / 2026
पेशी तारीख 08/09/2026
प्रोसेस नंबर 1226 / 2026

कुमारी बाई ............................ वादिनी

बनाम

आम जनता व अन्य व्य.वाद. 71अ/ 2026 .... प्रतिवादीगण
पेशी दिनांक 08/09/2026

**आम सूचना**

प्रति,आम जनता वगैरह ग्राम- चर्रा, तहसील कुरूद, जिला- धमतरी (छ.ग.) .................... वादिनी

चूंकि वादी के द्वारा आप प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरूद्ध ग्राम चर्रा, (बी), प.ह.न. 20, तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं 298/6, रकबा 0.0517 हें., एवं 667/6 रकबा 0.0933 हे. राजस्व अभिलेख में वादिनी का ग्राम में प्रचलित नाम होने के कारण श्रीमती भागबती साहू पिता स्व. फेरू राम के नाम पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश इन्द्राज कर दिया गया है। जबकि वादिनी का वास्तविक नाम कुमारी बाई साहू पिता स्व. फेरू राम साहू है, जिस कारण वादिनी कृषि में तरक्की हेतु खाद-बीज तथा छ.ग. शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होने के संदर्भ को लेकर इस न्यायालय में कुमारी बाई साहू एवं श्रीमती भागबती साहू एक व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख में कुमारी बाई साहू उर्फ श्रीमती भागबती साहू दर्ज कर करने की घोषणा का वाद संस्थित किया है, इस कारण आप आमजनता वगैरह जिसको आपत्ति हो, इस न्यायालय में दिनांक 08/09/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने , उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप आम जनता वगैरह इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो, जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके।

अतः आप आम जनता वगैरह / प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि, यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो, वाद की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा।आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मुहर

रजत कुमार निराला
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

# समय-सीमा में सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करें : नाहटा

## जिपं सीईओ ने की विभागवार कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने सभाकक्ष में योजनांतर्गत विभागवार समीक्षा बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करते हुए शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में सौ प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक कार्य की नियमित समीक्षा की जाएगी।

बैठक में 15 एवं 16 जुलाई को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। सीईओ ने निर्देश दिए कि ग्राम सभा में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी प्रस्तावों की तैयारी समय रहते पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग से बालिका शौचालयों की सूची प्राप्त कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार किए जाएं। इंजेक्शन बोरवेल रिचार्ज संबंधी प्रस्तावों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित किया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में मुक्ति धाम उपलब्ध नहीं है वहां निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त किया जाए।

### आधारभूत विकास कार्यों को मिलेगी गति

सीईओ ने आगे कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत कम से कम दो ऐसे कार्य स्वीकृति हेतु तैयार रखें जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रारंभ किया जा सके। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ जल संरक्षण एवं आधारभूत विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस कार्य योजना को 17 जुलाई तक तैयार करने के निर्देश दिए गए।



### आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने कहा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मनरेगा की समीक्षा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माणाधीन सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण कर संबंधित मस्टर रोल (एमआर) जारी किए जाएं जिससे हितग्राहियों को समय पर लाभ प्राप्त हो सके।

### अधिकारी अपने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें

उन्होंने बताया कि राज्यस्तर से प्रतिदिन योजनाओं की समीक्षा की जा रही है इसलिए सभी अधिकारी अपने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने समीक्षा के दौरान बताया कि वर्तमान में जिले की केवल 26 ग्राम पंचायतों में ही वीबी-जी-राम-जी के कार्य चल रहे हैं जिसके कारण धमतरी जिले की राज्य स्तरीय रैंकिंग 31वें स्थान पर पहुंच गई है। इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में नियमित रुप से वीबी जी-राम-जी के कार्य संचालित कराए जाएं तथा श्रमिकों को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

### चार पटवारियों ने जगाई उम्मीद की लौ, मुफ्त ड्रीम क्लासेस से युवाओं के सपनों को मिली नई उड़ान

# अपने अधूरे सपनों को बनाया मिशन, पटवारियों की निःशुल्क पाठशाला गढ़ रही युवाओं का सुनहरा भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

धमतरी जिले के कुरुद नगर में चार पटवारियों की पहल आज आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिए उम्मीद की नई किरण बन गई है। डोमन प्रकाश बंजारे, धनंजय सिंह, टिकेंद्र चंद्राकर और प्रदीप कुंजाम द्वारा संचालित निःशुल्क ड्रीम क्लासेस ने सफलतापूर्वक तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर निर्माण के गुर बताए गए।





कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय कुरुद की प्राचार्या ग्लोरिया मिंज ने कहा कि दूसरों के भविष्य को संवारने के लिए निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी है। सेवानिवृत्त शिक्षक वेदनाथ चंद्राकर ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुरूप लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने की सलाह देते हुए कहा कि सफलता केवल सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं है। संस्था की विशेषता यह है कि यहां साफ-सफाई और अनुशासन की जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थी निभाते हैं, जिससे उनमें स्वावलंबन और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

संस्था के मार्गदर्शक डोमनप्रकाश बंजारे ने बताया कि आर्थिक अभाव और उचित मार्गदर्शन के अभाव में उनका अधिकारी बनने का सपना अधूरा रह गया था। इसी अनुभव ने 12 जुलाई 2023 को निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत करने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षक धनंजय सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य, समय प्रबंधन और सुनियोजित रणनीति के साथ तैयारी करने पर जोर दिया। कार्यशाला में ड्रीम क्लासेस से चयनित ईश्वर ध्रुव, दिव्या गायकवाड़ और त्रिलोकचंद देवांगन ने सफलता के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अमित टंडन, प्राचार्य रविंद्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# रणजी टीम के बॉलिंग कोच बने स्वर्णसिंह

- टारनेडो क्लब से राष्ट्रीय पहचान तक का प्रेरक सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

धमतरी जिले के कुरुद नगर के लिए गर्व का क्षण है। नगर की ऐतिहासिक खेल संस्था टारनेडो क्रिकेट क्लब के पूर्व खिलाड़ी स्वर्णसिंह कलसी को आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र के लिए छत्तीसगढ़ रणजी ट्रॉफी टीम का बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है। यह उपलब्धि न केवल उनकी वर्षों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि कुरुद की खेल परंपरा के लिए भी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।



स्वर्णसिंह कलसी ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत कुरुद के टारनेडो क्रिकेट क्लब से की। उन्होंने शुरुआती शिक्षा कुरुद के शासकीय विद्यालय में प्राप्त की और यहीं क्रिकेट की बुनियादी तकनीक सीखी। उनके प्रथम कोच अंतरराष्ट्रीय स्कोरर मनोज तिवारी रहे, जबकि क्लब के मेंटर स्व. विनोद गोस्वामी एवं एसपी नीरज चंद्राकर के मार्गदर्शन में उन्होंने खेल कौशल, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी सोच विकसित की।

स्वर्ण सिंह कलसी वर्ष 2008 से बीसीसीआई के लेवल-ए सर्टिफाइड कोच हैं। वे विश्व प्रसिद्ध एमआरएफ पेस फाउंडेशन के पूर्व प्रशिक्षु भी रहे हैं, जहां उन्होंने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान सहित कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपने खेल जीवन में वे दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज और भरोसेमंद मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में भी पहचान बना चुके हैं। सबसे प्रेरणादायक बात यह है कि जिस टारनेडो क्रिकेट क्लब के मैदान पर स्वर्ण सिंह ने कभी गेंदबाजी की बारीकियां सीखीं, आज उसी क्लब का खिलाड़ी राज्य की सर्वोच्च क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को प्रशिक्षण देगा।

उनकी इस उपलब्धि पर कुरुद नगर, टारनेडो क्रिकेट क्लब के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# तुलेश्वर अध्यक्ष तथा संतोषी उपाध्यक्ष

- गोपालपुरी में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डॉ. हजारीलाल जैन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरी में नवीन शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन प्राचार्य लक्ष्मीकांत शर्मा के निर्देशन एवं व्याख्याता देवेन्द्र कुमार भारद्वाज के मार्गदर्शन में हुआ। सर्वसम्मति से तुलेश्वर साहू को अध्यक्ष तथा संतोषी साहू को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सदस्यों में डोमारसिंह महिपाल, टेमनलाल ध्रुव, त्रिभुवन साहू, सेवाराम पटेल, पार्वती यादव, जानकी साहू, गायत्री ढीमर, दुर्गा साहू, लोकेश्वरी साहू, सरिता साहू, शैलबाला साहू, सरपंच जीवनलाल देवांगन एवं डोमनलाल चंद्राकर शामिल हैं।



इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मीकांत शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से विद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के हित तथा विद्यालय एवं समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। व्याख्याता देवेन्द्र कुमार भारद्वाज ने समिति के दायित्वों एवं कार्यों की जानकारी दी।

# अमलीडीह हाईस्कूल में शाला प्रबंधन समिति गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अमलीडीह(धमतरी)

शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। गुलाबराम साहू को अध्यक्ष एवं जितेंद्र कुमार साहू को उपाध्यक्ष, शिक्षाविद के रूप में गुणेश्वर साहू एवं पंचायत प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती माधव नेमीन साहू सरपंच को चुना गया।

बैठक में प्राचार्य केशव साहू, श्री यादव, सोनी मैडम व ग्रामीण श्रवण यादव, अरुण निर्मलकर, लक्ष्म नारायण, हिम्मत, देवनाथ, कमलेश्वर, दीनानाथ, थनवार मौजूद रहे।

# वाहनों का दबाव नहीं झेल पा रही धमतरी-भखारा सड़क

- रोड की मरम्मत के लिए आप ने कलेक्टोरेट में लगाई गुहार

**अमलीडीह(धमतरी)।** आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने धमतरी से भखारा-रायपुर मुख्य मार्ग के मरम्मत के लिए कलेक्टोरेट में गुहार लगाई है। अध्यक्ष सत्यम गोस्वामी, पुष्पराज साहू, संजय सिन्हा, पंकज, नरेश ध्रुव ने बताया कि करोड़ों की लागत से एडीबी प्रोजेक्ट के तहत धमतरी- भखारा-रायपुर तक सड़क का निर्माण किया गया था। वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण सड़क जगह-जगह जर्जर हो गई है जिसके कारण अनेक दुर्घटनाएं घट रही हैं। देमार से कुरमातराई, पीपरछेड़ी, डोमा, गुजरा, कोसमर्रा के पास सड़क एक किनारे धंस गई है। कुछ जगह पर सड़क जर्जर हो गई है जिसके कारण वाहन लड़खड़ाकर गिर रहे हैं। वाहन चालकों को गंभीर चोट लग रही है। आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर से इस मार्ग को अतिशीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है।

# गुदगुदा स्कूल में एसएमसी का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

शाउमावि गुदगुदा में दो वर्ष के कार्यकाल के लिए शाला प्रबंधन और विकास समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। एसएमसी अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, उपाध्यक्ष नरोत्तम साहू, शिक्षाविद सनातन साहू, पूर्व अध्यक्ष भीमराम साहू, ओंकार साहू, बसंत साहू, देवेन्द्र साहू, कामताप्रसाद साहू, महिला सदस्यों में रानी साहू, शीतल ध्रुव, खोमिन साहू, गीता साहू, लीलेश्वरी साहू, जानकी साहू, हीना साहू, वंदिता साहू शामिल हैं।

मौके पर सरपंच सोनम साहू, संजय साहू सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व अध्यक्ष एवनलाल साहू, टुमेन्द्र साहू, प्राचार्य टेकराम सोनकर, वरिष्ठ व्याख्याता रमेश ध्रुव, शेखर ठाकुर, तरूण सिन्हा, निलेश भारद्वाज, डीडी साहू, गैंदलाल साहू, एलपी साहू, डेमिन साहू, शोभाराम साहू, संस्था प्रमुख दुर्गेश द्विवेदी, प्रधानपाठिका चंद्रप्रभा बघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### भूमि आवंटन और एनओसी को लेकर अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# नपा में प्रशासनिक फैसलों पर विपक्ष ने उठाए सवाल, सात दिन में बैठक बुलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगर पालिका परिषद कुरूद में भूमि आवंटन, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को लेकर विवाद सामने आया है। मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू के नेतृत्व में कांग्रेसी पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर को ज्ञापन सौंपकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी की कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताई। साथ ही छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम के तहत सात दिनों के भीतर विशेष सामान्य सभा आयोजित करने की मांग की।



ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं को भूमि आवंटन, पशु चिकित्सालय, स्वामी आत्मानंद विद्यालय तथा अन्य संस्थाओं के लिए जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित कुछ महत्वपूर्ण निर्णय परिषद को विश्वास में लिए बिना किए गए। पार्षदों ने परिषद की स्वीकृति के बिना हुए पत्राचार की समीक्षा तथा संभाग आयुक्त स्तर से निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की है। इस संदर्भ में हमने सीएमओ का पक्ष जानने का भी प्रयास किया लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया।

नेता प्रतिपक्ष डुमेश ने कहा कि नगर पालिका परिषद जनता द्वारा चुनी गई संस्था है और नगरहित से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जानकारी एवं सहभागिता के साथ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष सामान्य सभा में सभी बिंदुओं पर चर्चा होने से स्थिति स्पष्ट होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, वरिष्ठ पार्षद रजत चंद्राकर, मनीष साहू, पार्षद उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव तथा महिला पार्षद राखी चंद्राकर, मंजू साहू और उर्वशी चंद्राकर सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

# जनपद अध्यक्ष ने किया अरहर मिनीकिट बीज का वितरण

- किसानों को दी आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरातराई (सि.) में महिला स्व-सहायता समूहों एवं किसानों को अरहर बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू थीं, जिन्होंने हितग्राही किसानों को मिनी किट प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के माध्यम से किसानों तक उन्नत बीज और कृषि योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रत्येक ग्राम पंचायत में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि किसानों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।



ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पुरुषोत्तम सिन्हा ने किसानों को कृषक उन्नति योजना, एग्रीस्टैक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विलंब मानसून की स्थिति में फसल प्रबंधन, वैज्ञानिक खेती तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के संबंध में भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

सरपंच श्रीमती प्रीति साहू ने कहा कि सरकार किसानों और ग्रामीणों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को अवश्य लेना चाहिए। कार्यक्रम में कृषि सखी इंद्राणी साहू, सक्रिय महिला विनीता साहू, कृषक मित्र भुनेश्वर साहू, हिरामन साहू, भानू साहू, बिसौहा साहू, एमेश्वरी साहू, गंगा साहू, भुनेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

कांकेर। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आंशिक संशोधन करते हुए नए सिरे से कार्य विभाजन आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी को सुशासन तिहार, पीएमश्री योजना, शिक्षा विभाग, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा, जिला योजना एवं सांख्यिकी, आदिवासी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग, चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, रेशम विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, पशु एवं कृषि संगणना शाखा, बीज विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला निर्माण समिति, जिला खनिज न्यास निधि, विशेष केन्द्रीय सहायता, सामाजिक निगमित दायित्व सहित अन्य कार्य देखने होंगे। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य का निर्वहन करेंगे। इसी प्रकार अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कांकेर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन, तहसील कांकेर, चारामा, नरहरपुर, सरोना, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल के राजस्व प्रकरण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील धारा 170 ख के अपील को छोड़कर पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का निराकरण एवं छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील पुनरीक्षण प्रकरणों का निराकरण का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही वित्त एवं स्थापना शाखा सहित अन्य कार्य सौंपे गए हैं। अपर कलेक्टर कांकेर अंजोर सिंह पैकरा अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अंतागढ़ को तहसील अंतागढ़, आमाबेड़ा, पखांजूर, बांदे एवं कोयलीबेडा के राजस्व प्रकरण छ.ग. भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील धारा 170 ख के अपील को छोड़कर पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का निराकरण एवं छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण प्रकरणों के निराकरण तथा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये दायित्व दिया गया है। संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे कार्यपालिक दण्डाधिकारी को जिला नजूल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी नजूल नवकरण शाखा, राजस्व शाखा, राजस्व लेखा शाखा, राजस्व मुहर्रिर शाखा, राहत, पुर्नवास शाखा, नजारत, सांख्यिकी शाखा, लायसेंस, पासपोर्ट तथा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये कार्य। डिप्टी कलेक्टर टीकाराम देवांगन कार्यपालिक दण्डाधिकारी को खाद्य शाखा, नागरिक आपूर्ति निगम सहित अन्य कार्य देखने होंगे। डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज कायपालिक दण्डाधिकारी को खादी ग्रामोद्योग, अधिक अन्न उपजाऊ शाखा, जिला परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित अन्य कार्य सौंपे गए हैं। डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर कार्यपालिक दण्डाधिकारी को वरिष्ठ लिपिक शाखा 01, 02 एवं 03, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, आवक-जावक शाखा, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, पर्यटन मण्डल, श्रीराम वनगमन परिपथ, सैनिक कल्याण का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्य का दायित्व का निर्वहन करना होगा।

### अवैध महुआ शराब परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार



कांकेर। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए रात्रि गश्त के दौरान अवैध रूप से महुआ शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में हाथ भट्टी महुआ शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी को जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार14 जुलाई की रात थाना कांकेर पुलिस टाउन भ्रमण व रात्रि गश्त पर निकले थे। इसी दौरान पुराना बस स्टैंड चौक स्थित पान दुकान के सामने मस्जिद चौक की ओर से आ रही एक ग्रे रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीएस 3488 को संदेहास्पद स्थिति में रोका गया। स्कूटी पर दो युवक सवार थे, जिनके बीच में सफेद रंग की एक बड़ी प्लास्टिक बोरी रखी हुई थी। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 31 वर्षीय कृष्ण कुमार यादव और पीछे बैठे युवक ने अपना नाम एमजी वार्ड कांकेर निवासी 23 वर्षीय पुनित चंद्रवंशी बताया। पुलिस द्वारा जब संदेहियों के पास रखी बोरी की तलाशी ली गई, तो उसके भीतर से 07 नग प्लास्टिक के जरकिन बरामद हुए।

# निजीकरण, आउटसोर्सिंग, ठेका प्रथा को लेकर आंदोलन की राह पर स्वास्थ्य कर्मचारी

## 22 जुलाई को जिला मुख्यालयों में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय महासमिति की बैठक प्रांतीय कार्यालय में प्रांताध्यक्ष अनिल पाण्डेय के नेतृत्व तथा संरक्षक सलाहकार ओपी शर्मा के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग में निजीकरण, आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा का विरोध करते हुए कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में पैथोलॉजी और फार्मेसी सेवाओं को एच.एल.एल. कंपनी को सौंपे जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए इसका विरोध करने का निर्णय लिया गया। संघ का कहना है कि निजीकरण से कर्मचारियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही दूसरे राज्यों के चिकित्सकों, नर्सों और पैरामेडिकल कर्मियों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त करने पर भी आपत्ति जताई गई। संघ के अनुसार इससे प्रदेश के युवाओं के रोजगार के अवसर प्रभावित होंगे तथा फर्जी डिग्री और डिप्लोमा धारकों के प्रवेश की आशंका बढ़ सकती है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। बैठक में पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, स्वीकृत रिक्त पदों पर नियमित भर्ती शुरू करने, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने, जीवनदीप कर्मचारियों के शोषण को रोकने के लिए स्पष्ट नीति बनाने तथा प्रदेश में स्वास्थ्य आयोग के गठन की मांग दोहराई गई।





### दी अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

कर्मचारी अधिकारी महासंघ के संयोजक अनिल शुक्ला ने कहा कि ये मांगें कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता के हित में भी हैं और महासंघ इनका पूर्ण समर्थन करता है। प्रांताध्यक्ष अनिल पाण्डेय ने सभी नियमित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी और जीवनदीप कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने की अपील की।महासमिति और कोर कमेटी ने आंदोलन के प्रथम चरण के तहत 22 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## लिमतरा स्कूल में ताला जड़ने की तैयारी

# गांव-गांव से उठ रही स्कूलों में शिक्षक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



लिमतरा



छाती



गट्टासिल्ली

शिक्षण सत्र शुरु होते ही जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की मांग उठ रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम लिमतरा, छाती, गट्टासिल्ली के स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की मांग की गई है। लिमतरा के ग्रामीणों ने स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी दी है।

लिमतरा सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष लखन लाल साहू तथा अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि शासकीय माध्यमिक शाला लिमतरा में तीन शिक्षक पदस्थ थे जिनमें से एक शिक्षक बीएड प्रशिक्षक के लिए चयन होने से कार्यमुक्त हो गए हैं। एक दिन में एक कक्षा में सात कालखंड होते हैं। दो शिक्षकों से 14 कालखंडों में अध्यापन हो पाता है जबकि प्रतिदिन 21 कालखंड में पढ़ाई होनी चाहिए। बताया गया है कि दो शिक्षक में एक शिक्षक दुर्घटना में फ्रेक्चर होने के कारण अवकाश पर चले गए हैं। शाला प्रबंधन समिति ने बताया कि एक शिक्षक होने से अवकाश, प्रशिक्षण, मीटिंग आदि होने के कारण तीनों कक्षाओं के शिक्षण कार्य में बाधा आ रही है। शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रभावित होने से रोकने स्कूल में दो शिक्षकों की मांग की गई है। सप्ताहभर में शिक्षक व्यवस्था नहीं होने पर स्कूल में ताला जड़ने की चेतावनी दी है।

### माध्यमिक शाला छाती में शिक्षक की कमी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाती की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार चंद्राकर ने कलेक्टर को लिखे आवेदन में कहा है कि छाती उच्चतर माध्यमिक शाला में 11 वर्ष से भूगोल शिक्षक की कमी है। वर्तमान में भौतिक विज्ञान विषय के शिक्षक का स्थानांतरण अन्यत्र होने से छात्रों को शिक्षा नहीं मिल पा रही है। भूगोल और भौतिकशास्त्र विषय के शिक्षक की व्यवस्था शीघ्र करने की मांग की है। एक अन्य आवेदन में गट्टासिल्ली हायर सेकेण्डरी स्कूल की शाला प्रबंधन समिति के ननकूराम, सुरेश प्रजापति, परमेन साहू, पवन नेताम ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में कहा है कि वर्षों से हायर सेकेण्डरी स्कूल गट्टासिल्ली में विषयवार शिक्षकों की कमी है। यहां के छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। विभागीय स्तर पर लगातार शिक्षकों की मांग करते हुए आ रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है।

### अरौद डुबान में शिक्षक के साथ स्टाफ की कमी

ग्राम पंचायत अरौद डुबान की सरपंच श्रीमती संगीता नेताम ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि अरौद पंचायत अंतर्गत 11 गांव है, जहां एक मात्र हाईस्कूल है। इस स्कूल में तीन शिक्षक हैं। हाईस्कूल में लिपिक तथा भृत्य भी नहीं है। सरपंच ने स्कूल में विषयवार तीन और शिक्षक के साथ एक लिपिक और एक भृत्य की मांग की है

# कुरुद के पुल-पुलियों के लिए करीब 2 करोड़ की स्वीकृति प्रक्रिया तेज

- विधायक अजय चंद्राकर का प्रयास रंग लाया, बरसात में आवागमन होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



कुरुद विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (एसडीआरएफ) अंतर्गत पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रक्रिया को गति मिली है। विधायक द्वारा प्रस्ताव भेजे जाने के बाद खेल एवं युवा कल्याण तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से संबंधित विभाग को निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार विधायक चंद्राकर ने 3 जून 2025 को कुरुद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पुल-पुलिया निर्माण कार्यों के लिए तकनीकी स्वीकृति एवं प्राक्कलन सहित प्रस्ताव शासन को भेजा था। इसके बाद मंत्री कार्यालय ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव को आवश्यक कार्रवाई एवं स्वीकृति देने के निर्देश जारी किए हैं। प्रस्तावित कार्यों में ग्राम जोरातराई (अ), ढेठा, मौरीखुर्द, रावनगुड़ा तथा परसवानी (भेंडरका) सहित विभिन्न स्थानों पर ह्यूमपाइप पुलिया, आरसीसी कल्वर्ट एवं स्टॉपडैम निर्माण जैसे आठ महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन सभी कार्यों की कुल अनुमानित लागत 199.97 लाख रुपये (करीब 2 करोड़ रुपये) है। इन निर्माण कार्यों के स्वीकृत होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है।

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी व कथित वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद ने सोमवार की शाम पुराना बाजार में प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महिम शुक्ला के नेतृत्व व जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने तख्तियां लेकर नारेबाजी की और निष्पक्ष जांच की मांग की।

जिलाध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों की असलियत सामने आ रही है। जन-आस्था से जुड़े मामलों में अनियमितता स्वीकार्य नहीं है। महिम शुक्ला ने इसे गंभीर बताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में राजकुमारी दीवान, तपन चंद्राकर, जानसिंग यादव, देवव्रत साहू, डुमेश साहू, चंद्रप्रकाश देवांगन, आशीष शर्मा, प्रमोद साहू, उत्तम, रवि शर्मा, टुकेश साहू, लव चंद्राकर, लेखराम साहू, गुरुदेव महिपाल, पुष्पेंद्र साहू, पप्पू राजपूत व योगेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम को ग्रामीणों ने रोका

मोहमल्ला और परसापानी में जंगल की भूमि पर ग्रामीणों ने किया था अतिक्रमण

- उच्च अधिकारी ने कहा: नियम अनुसार कार्रवाई करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी वनमंडल अंतर्गत मंगलवार को ग्राम मोहमल्ला और परसापानी के बीच स्थित जंगल में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम को ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए रोक लिया। बाद में पुलिस और प्रशासन की समझाइश तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के आश्वासन के बाद स्थिति सामान्य हुई और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को वापस जाने दिया गया।

वन विभाग के एसडीओ संजय रौतिया ने बताया कि वन परिक्षेत्र नगरी के बांधा बीट के कक्ष क्रमांक 289 एवं 277 में अवैध अतिक्रमण की सूचना मिलने पर वन विभाग की लगभग 15 सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची थी। सूचना के अनुसार कुछ लोगों द्वारा जंगल की भूमि पर अतिक्रमण कर खेत तैयार कर ट्रैक्टरों से जुताई की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान ग्राम मोहमल्ला माल के कुछ ग्रामीणों ने कार्रवाई का विरोध किया, जिसके बीच मौके पर मौजूद ट्रैक्टर वहां से निकल गए।

इसके बाद ग्राम परसापानी एवं मोहमल्ला रैयत के लगभग 100 से 120 ग्रामीण एकत्र हो गए और वन विभाग से मांग करने लगे कि अतिक्रमण में उपयोग किए गए वाहनों को जब्त किए बिना अधिकारियों को वापस नहीं जाने दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना था कि वे वर्षों से कक्ष क्रमांक 289,277 के वन क्षेत्र की सुरक्षा करते आ रहे हैं। पिछले दो वर्षों से इस क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। हमारे गांव के जंगलों पर कब्जा करने नहीं देंगे।

जानकारी मिलते ही दुगली, नगरी एवं सिहावा की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और वन विभाग की टीम को सुरक्षित वापस जाने दिया गया। घटना के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति की सूचना नहीं है। वन विभाग ने इस मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

# राम मंदिर चंदा घोटाले के विरोध में कांग्रेस ने बेलर में किया धरना-प्रदर्शन




- पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी एवं बेलर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बेलर में राम मंदिर चंदा प्रकरण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चंदे में कथित अनियमितताओं और चोरी के आरोप अत्यंत गंभीर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में राज्य की भाजपा सरकार की संरक्षणकारी भूमिका रही है तथा दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि आस्था से जुड़े विषय में किसी भी प्रकार की अनियमितता जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री कैलाशनाथ प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष अनवर रजा, जनपद सदस्य हनीफ, प्रमोद कुंजाम, नंदिनी साहू, दुर्गेश नंदिनी, डीएल देवांगन, सुभाष साहू, वेदराम साहू, आत्माराम, अयूब खान, जिला महामंत्री भानेंद्र ठाकुर, बल्लू पटेल, राजेंद्र ठाकुर, लग्नूराम, सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव, मोती सिंह, युवा नेता प्रेमांशु प्रजापति सहित क्षेत्र के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

नई पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से की सौजन्य भेंट

# प्रशासनिक समन्वय, कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले की नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर कलेक्टर ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए जिले में नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं तथा सफल कार्यकाल की कामना की।

इस दौरान जिले की कानून व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा प्रशासन एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस का बेहतर तालमेल शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नागरिकों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने तथा संवेदनशील एवं पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय ने जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराधों की रोकथाम, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता तथा सामुदायिक पुलिसिंग को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण, जनविश्वास को मजबूत करना तथा पुलिस-जन संवाद को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। दोनों अधिकारियों ने जिले के समग्र विकास, शांतिपूर्ण वातावरण तथा जनहित से जुड़े कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए प्रशासन एवं पुलिस के बीच सतत समन्वय बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।

# सेवा से संवरी तीन बच्चों की शिक्षा, वार्षिक फीस का मिला सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सेवा को सबसे बड़ा धर्म मानते हुए श्रीमती सूर्या शांति लुंकड़ ने नूतन स्कूल सिहावा रोड के तीन जरूरतमंद विद्यार्थियों की पूरे वर्ष की विद्यालय फीस के रूप में कुल 20 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य के अनुसार तीनों बच्चे अत्यंत साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं। एक विद्यार्थी के पिता मोमोज बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, दूसरे के पिता ड्राइवर हैं, जबकि तीसरे के पिता बढ़ई का कार्य करते हैं। सीमित आय के कारण उनके लिए बच्चों की वार्षिक फीस जमा करना बेहद कठिन था।

जब यह जानकारी सूर्या शांति शंकर तक पहुंची, तो उन्होंने बिना किसी विलंब के बच्चों की पूरी फीस जमा करवाई। इसके साथ ही उन्होंने एक विद्यार्थी के लिए नए जूतों की भी व्यवस्था कराई, जिससे बच्चे के चेहरे पर खुशी लौट आई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### काढ़ा ग्रहण करने मंदिर परिसर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**धमतरी।** रथयात्रा निकालने से पूर्व जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा को पिलाई जाने वाली दिव्य औषधि काढ़ा को ग्रहण करने मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। काढ़ा वितरण में आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी, पार्षद कुलेश सोनी एवं पिंटू यादव शामिल हुए। इस अवसर पर श्री मोटवानी ने कहा कि रथयात्रा हम सबको एकता के सूत्र में बांधती है। आपसी भाईचारा का संदेश देती है। भगवान को समर्पित होने वाली दिव्य औषधि काढ़ा में प्राचीन जड़ी बूटियों का सम्मिश्रण है। इसमें आस्था और श्रद्धा समाहित है जिसे आगे बढ़ाना हम सबका धर्म है।

### आमाकड़ा स्कूल के प्राचार्य ने कराया न्योता भोज

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमाकड़ा के प्राचार्य राजेंद्र कुमार आवड़े ने अपनी माता की पुण्यतिथि एवं शासकीय सेवा के 33 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से भोजन किया। प्राचार्य ने कहा कि उनकी माता अन्नदान को सबसे बड़ा दान मानती थीं। कार्यक्रम में सरपंच चंद्रिका नेताम सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

### बैठक करके रणनीति की तय 18 को होगा शाला प्रवेशोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव 18 जुलाई को ग्राम सुखई में आयोजित होगा। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को खंड शिक्षा कार्यालय में संकुल समन्वयकों एवं प्राचार्यों की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार सिंह डे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नामांकन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंच व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। खंड शिक्षा अधिकारी ने इसे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए सभी से समन्वय के साथ आयोजन सफल बनाने का आव्हान किया।

### आंबा कार्यकर्ता रेणुका का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम चाहचाड़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेणुका शर्मा के सेवानिवृत्त होने तथा शिक्षक कन्हैया ठाकुर के पदोन्नति उपरांत स्थानांतरण पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत, शाला परिवार और ग्रामीणों ने दोनों का शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। कन्हैया ठाकुर ने कहा कि गांववासियों के स्नेह, सहयोग और एकजुटता ने उन्हें बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सरपंच रमशीला कोमरा, उपसरपंच छबिलाल दुग्गा, प्रधान अध्यापक मनीराम दीवान, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता परेशान

**जगदलपुर।** कुरंदी स्टेशन तथा उसके आसपास के ग्रामों में पिछले काफी समय से बार-बार बिजली गुल होने की गंभीर समस्या बनी हुई है। बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की सिंचाई, पेयजल व्यवस्था तथा दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। नये विद्युत्त मीटर लगने के बाद विद्युत्त बिल मे ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। इस बढ़ी हुई बिजली दरों मे लगाम लगाया जाए। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के अध्यक्ष रमेश गोयल ने कहा कि विद्युत संबंधी समस्या का तत्काल स्थायी समाधान कराया जाए, विद्युत लाइन एवं उपकरणों की आवश्यक जांच कराई जाए तथा नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# नवपदस्थ एसपी ने शहर की यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

## ट्रैफिक प्रबंधन को प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की कमान संभालने के बाद नवपदस्थ एसपी ने शहर की यातायात व्यवस्था का जायजा लेकर ट्रैफिक प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक भावना पांडे ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बढ़ते यातायात दबाव, पार्किंग व्यवस्था, जाम की स्थिति एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने निर्देशित किया। एसपी ने यातायात प्रभारी को नियमित मानिटरिंग, प्रमुख चौक चौराहों पर प्रभावी डयूटी, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार धमतरी पुलिस की पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इसके बाद एसपी ने सिटी कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस कार्य, थाना अभिलेखों का संधारण, मालखाना, कार्यालयीन व्यवस्था, थाना परिसर एवं भवन की साफ-सफाई का अवलोकन किया। कार्यालयीन कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी शैलेंद्र पांडे, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, कोतवाली प्रभारी राजेश जगत तथा यातायात प्रभारी खेमराज साहू उपस्थित थे।



### आगंतुकों के साथ विनम्र व्यवहार रखें : पांडेय

एसपी भावना पांडे ने सिटी कोतवाली के निरीक्षण के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाना परिसर में आने वाले प्रत्येक नागरिक के साथ संवेदनशील, विनम्र व्यवहार करें तथा जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।

16 एवं 17 जुलाई को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में होगा आयोजन

# ग्राम सभाओं में विकास, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 16 एवं 17 जुलाई को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं में ग्राम विकास, स्वच्छता, आधारभूत अधोसंरचना तथा ग्राम पंचायत विकास योजना से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी एसडीएम और सीईओ जनपद को दिशा-निर्देश जारी कर दिए है।

विशेष ग्राम सभाओं में वीबीजीआरएएमजी अंतर्गत प्राथमिकता वाले विकास कार्यों पर ग्राम सभा की स्वीकृति प्राप्त की जाएगी।

इनमें बालिका विद्यालयों एवं पीएमश्री विद्यालयों में आवश्यकता अनुसार बालिका शौचालय निर्माण, जल संरक्षण के लिए सूखे अथवा कम जल वाले बोरवेल के समीप इंजेक्शन वेल (रिचार्ज पिट) का निर्माण, जर्जर अथवा अनुपलब्ध मुक्तिधामों के स्थान पर नवीन मुक्तिधाम निर्माण तथा शासकीय उचित मूल्य दुकानों के लिए खाद्यान्न भंडारण भवन निर्माण के प्रस्ताव शामिल हैं।



### स्वच्छता शुल्क अनिवार्य

ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, छात्रावास, उपस्वास्थ्य केंद्र एवं सभी परिवारों में गीला, सूखा, सैनिटरी तथा ई-वेस्ट सहित चार प्रकार के कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करने, कचरा संग्रहण वाहनों में पृथक संग्रहण व्यवस्था, कचरा शेड, सामुदायिक शौचालय एवं ट्राइसाइकिल के रख-रखाव तथा स्वच्छता शुल्क (यूजर चार्ज) की अनिवार्य वसूली पर भी निर्णय लिए जाएंगे।

### विकास कार्यों के प्रस्ताव होंगे पारित

इसके अलावा उपलब्ध भूमि पर पौधरोपण, आंगनबाड़ी भवन, मैदान समतलीकरण, धरसा सड़क निर्माण, विद्यालयों में लाइब्रेरी एवं लैब, पांच वर्ष पुराने आंगनबाड़ी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पंचायत भवन तथा अन्य अनुमेय विकास कार्यों के प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले की 148 ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए नाडेप निर्माण, सामुदायिक डस्टबीन, नालियों के अंतिम छोर पर सोखता गड्ढा निर्माण तथा आवश्यक स्वच्छता अधोसंरचना विकसित करने के प्रस्ताव लिए जाएंगे।

# अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा मामले पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



- केंद्र व उत्तरप्रदेश सरकार को घेरा, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए गए चढ़ावे में कथित चोरी और गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ स्लोगन लिखे तख्ती लेकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

घड़ी चौक पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र व उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि आस्था के सबसे बड़े केंद्र में हुई इस आर्थिक गड़बड़ी ने देश के करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। कांग्रेस ने मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष न्यायिक जांच या स्वतंत्र फॉरेंसिक ऑडिट कराने और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल पुनर्गठित करने की मांग उठाई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि प्रभु श्री राम के नाम पर भाजपा दशकों से राजनीति कर रही है। आज उन्हीं के मंदिर में चढ़ावे की राशि सुरक्षित नहीं है। अयोध्या में श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा के पैसे की चोरी हो गई, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश प्रशासन मौन साधे बैठे हैं। भगवान राम किसी राजनीतिक दल के नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था के प्रतीक हैं और उनके चढ़ावे का एक-एक पैसा सार्वजनिक होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक लेखराम साहू, मोहन लालवानी, शरद लोहाना, विपिन साहू, अरविंद दोशी, सलीम रोकड़िया, नरेश जसूजा, आलोक जाधव, योगेश लाल, आकाश गोलछा, विक्रांत शर्मा, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, राजेश पांडे, खिलेंद्र साहू, सुमन मेश्राम, पूर्णिमा राजक, कन्हैया सोनी, अविनाश मारोठे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रूद्री में मॉनसून कप सीजन-1 का समापन



- फुटबॉल खेलों का राजा, इसमें तकनीक के साथ-साथ मानसिक क्षमता भी जरूरी : पं राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रुद्री स्थित शीतला माता खेल परिसर में 3 दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन हुआ। मॉनसून कप सीजन-1 नाम से अंतर जिला स्तरीय प्रतियोगिता 10 से 12 जुलाई तक चली। इसमें धमतरी के अलावा कई अन्य जिलों की फुटबाल टीमों ने हिस्सा लिया। धमतरी में 3 दिनों तक फुटबाल फीवर चढ़ा रहा।

12 जुलाई को फाइनल मैच खेला गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा रहे। अध्यक्षता जल संसाधन विभाग के ईई बीके मगेंद्र ने की। इस अवसर पर पं राजेश शर्मा ने कहा कि क्रिकेट, गोल्फ, पोलो जैसे खेल शासकों या राजाओं के खेल थे, लेकिन फुटबाल खेलों का राजा है। इस खेल में तकनीक के साथ-साथ शारीरिक आउट मानसिक क्षमता भी जरूरी है। पूरी क्षमता का प्रदर्शन एक समय के अंदर करना होता है। खेलों का राजा भारत की नई पीढ़ी मे भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, लेकिन अभी वर्ल्डक्लास बनने के लिए फुटबाल को पावर प्रोमोशन की जरूरत है। विशेष अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता आयोजित करना अपने आप में बड़ा कार्य है। लोकेश डागा और विकास शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस आयोजन में जागेंद्र साहू, गोपाल शर्मा संरक्षक, संयोजक सुशांत राव कानपिल्लेवार, नितेश कुमार साहू, प्रिंस, मोन्टू, मलाकी, दीपक, चिन्टू, विशेष, रवि, लाली, कान्हा एवं लक्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# डीपीएस में हुई शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा

- विद्यालय परिसर से ग्राम सांकरा तक निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्रद्धा, आस्था एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में हुई। समारोह का शुभारंभ 8 जुलाई को विद्यालय परिसर से ग्राम सांकरा तक निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुआ। इस यात्रा में विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल, श्रीमती निधि अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए। 11 जुलाई को आयोजित भजन संध्या में विद्यालय के संगीत शिक्षक वेदप्रकाश साहू एवं खेमलाल श्रीवास ने अपनी मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों से संपूर्ण वातावरण को शिवमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल का 50वां जन्मदिवस भी मनाया गया। 12 जुलाई को भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। समापन अवसर पर विद्यालय की उपप्राचार्य श्रीमती देव अर्चना राय ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# शाला प्रबंधन विकास समिति के दुर्गाप्रसाद अध्यक्ष बने





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सलोनी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। दुर्गाप्रसाद साहू अध्यक्ष एवं श्रीमती पूर्णिमा साहू उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। ओमप्रकाश मानिकपुरी, मोहिनी कंवर, दानीराम नागेश, कीर्तन साहू, चम्पेश्वर नेताम, दिलीप निषाद, बीनूराम साहू, मिलापराम साहू, शशि निषाद, सरिता साहू, बिरस ध्रुव, इंदिरा यादव, गायत्री निर्मलकर, शिवप्रकाश साहू, जानकी साहू, चंद्रकला निषाद सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य वीके श्रीवास, एनआर साहू, विकास निंबालकर, वासुदेव साहू व्याख्याता उपस्थित थे।

चालीहा महोत्सव के 35 वें दिन दिल्ली के भगत दीपक ने दी प्रस्तुति

# सदगुरु के भक्ति में रंग गया माहौल

**धमतरी।** प्रेमप्रकाश आश्रम में आचार्य सद्गुरु टेऊंराम महाराज के 140 वें जन्मोत्सव पर आयोजित चालीहा महोत्सव के 35 वें दिन दिल्ली से आए भगत दीपक केवलरामानी ने अपने स्वरचित तीन भजनों से पूरी संगत को भाव विभोर कर दिया।

भगत दीपक दिल्ली के प्रसिद्ध भजन लेखक और गायक हैं। चालीहा महोत्सव में दिल्ली से वे धमतरी पहुंचे और सदगुरू टेऊंराम जी महाराज की महिमा के गुणगान से भरे भजनों को सुनाकर भक्तों में उत्साह का संचार किया। भजन के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि गुरु ही जीवन का सहारा है। वे अवतारी संत गेरु चोले वाले भक्तों के उद्धार करने वाले उपकारी महापुरुष हैं, वे चंद्रमा जैसे शीतल और सुंदर हैं। पूरी दुनिया जिनके पीछे दीवानी है और जिनके दरबार का भंडारा सदा भरपूर रहता है। अपने भजनों के माध्यम से उन्होंने प्रेम, सेवा और समर्पण को सच्ची भक्ति बताया। स्वामी टेऊंराम जी महाराज का मार्ग प्रेम का है। उनका दरबार सबके लिए खुला है और वहां दुखी व्यक्ति को भी शांति मिलती है।



# योग शिक्षक के 146 पदों पर भर्ती की मांग



- योग आयोग अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ के योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल का धमतरी आगमन हुआ। विश्राम गृह में जिले के विभिन्न योग साधकों से मुलाकात की। प्रसिद्धि योग संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने दो सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया। 5000 शिक्षक भर्ती में योग शिक्षक के 146 पद बहाल किए जाए। 5000 शिक्षक भर्ती में लंबित 146 योग शिक्षक पदों को शीघ्र बहाल कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाए एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय एवं पीएम श्री विद्यालयों में योग प्रशिक्षक पद हेतु न्यूनतम अर्हता निर्धारित की जाए। योग प्रशिक्षक पद के लिए स्नातकोत्तर एमए, एमएससी योगा अथवा पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस को न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता घोषित किया जाए। अध्यक्ष ने जल्द ही भर्ती प्रक्रिया करने का आश्वासन दिया।

मौके पर संरक्षक डॉ संदीप साहू, सलाहकार लक्ष्मण साहू, भोजेंद्र साहू अंतराष्ट्रीय योग जज, अध्यक्ष उमराव साहू, उपाध्यक्ष डेमिन साहू, सचिव संतोषी निंबाडकर कोषाध्यक्ष, उतरा सिंह गौतम सहसचिव, निकिता धरमगुड़ी, डाली यादव, ममता राजपूत, उमेंद्र भारद्वाज, तिलक ध्रुव उपस्थित थे।













